प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–17.04.2026 (शुक्रवार) को राजस्व कर्मचारियों के लंबित माँगों को लेकर बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक की कार्यवाही:–

विभागीय ज्ञापांक–125(4), दिनांक–09.04.2026 द्वारा सभी समाहर्त्ता, बिहार को संसूचित बैठक की कार्यवाही के क्रम में पुनः दिनांक–17.04.2026 (शुक्रवार) को प्रधान सचिव की अध्यक्षता में राजस्व कर्मचारियों के लंबित माँगों को लेकर बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में निम्न माँगों पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया :–

1. हड़ताल/सामूहिक अवकाश पर गये राजस्व कर्मचारियों को हड़ताल अवधि के सेवा विनियमितीकरण हेतु असाधारण अवकाश (Extra Ordinary Leave) स्वीकृत किया जाएगा तथा इस अवधि को नियमित माना जाएगा।
2. राजस्व कर्मचारियों का पदनाम परिवर्तित कर सहायक राजस्व अधिकारी (ARO) किये जाने हेतु संचिका मुख्य सचिव के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री, बिहार को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।
3. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

ह०/–
(डॉ० महेन्द्र पाल)
अपर सचिव

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

ई–मेल ज्ञापांक–4/क्षे0 स्था0 विविध पत्राचार (मु0)–03–03/2024..132..(04)/रा0, दिनांक–17-04-2026

प्रतिलिपि :–सभी समाहर्त्ता, बिहार/सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार/प्रधान सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अपर सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग/महामंत्री एवं राज्य अध्यक्ष बिहार राज्य भूमि कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा Email. ID -rajaswakcsangh@gmail.com को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

17/04/26

(डॉ० महेन्द्र पाल)
अपर सचिव